**सत्र– 2016–17**

# संकलित परीक्षा–2

**विषय – हिन्दी**

**कक्षा– VII**

---

**समय– 2 घंटा 30 मिनट** **पूर्णांक – 60**

---

**निर्देश : (क) सुलेख एवं वर्तनी पर विशेष ध्यान दें।**
**(ख) उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।**

---

**प्रश्न–1: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **1×5=5**

साहस की जिंदगी रोमांचक होती हैं। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह हैं कि साहसी व्यक्ति इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता हैं और दुनिया को प्रकाश भी उसी से मिलता हैं। अड़ोस–पड़ोस को देखकर चलना साधारण जीव का काम हैं। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्‌देशय की तुलना न तो पड़ोसी के उद्‌देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सही शीर्षक दीजिए।

1. साहस 2. साहस की जिंदगी 3. जिंदगी 4. साहसी व्यक्ति

(ख) साहस की जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान क्या होती हैं?

1. साहस की जिंदगी रोमांचक होती हैं।
2. साहसी व्यक्ति निडरता से जीता हैं वह इस बात की चिंता नहीं करता कि लोग उसके बारे में क्या कहैंगे।
3. साहसी जिंदगी जीने वाले लोग कर्मठ होते हैं।

4. साहसी जिंदगी जीने वाले हठ के पक्के होते हैं।

(ग) कैसा आदमी दुनिया की असली **श्क्त** होता हैं?

1. अपनी मरजी से जीने वाला। 2. जनमत की उपेक्षा करने वाला।
3. क्रांति करने वाला 4. लोगों की बात मानने वाला।

(घ) क्रांति करने वालों की क्या वि**शेष**ता होती हैं?

1. हरदम क्रांति की बातें करते हैं।
2. हरदम क्रांति करने के लिए तैयार रहते हैं।
3. क्रांति करने वाले किसी की परवाह किए बिना अपने **उद्देश्य** की ओर बढ़ते हैं।
4. वे पड़ोसियों की भावनाओं से प्रभावित होते हैं।

(ड.) साहसी **शब्द** के विलोम **शब्द** का सही विकल्प छाँटिए–

1. हिम्मती 2. आलसी 3. डरपोक 4. तेज

**प्रश्न–2: निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखें।**
**1×5=5**

कल–कल करते आज हाथ से निकले
सारे भूत भविष्य की चिंता से वर्तमान की बाजी हारे
हानि–लाभ के पलड़ों में तुलता जीवन का व्यापार
मोल लगा बिकने वाले का बिना बिका बेकार हो गया
भरी दुपहरी में अंधियारा सूरज परछाई से हारा।
हर पड़ाव को समझने में फिर लक्ष्य हुआ आँखों से ओझल
वर्तमान के मोहजाल में, आने वाला कल न भूलाएँ।
आओ फिर से दीया जलाएँ।

(क) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइए।

1. आओ फिर से दीया जलाएँ | 2. नई रोशनी
3. नई सोच | 4. वर्तमान

(ख) भूत एवं भविष्य की चिंता में हम किसे गँवा देते हैं?

1. अपनी इच्छाओं को  2. भविष्य को  3. वर्तमान को  4. भूत को

(ग) जीवन किसमे तुलने लगा हैं?

1. भूत और भविष्य में | 2. वर्तमान के मोहजाल में
3. हानि–लाभ के पलड़ो में | 4. आने वाले कल में

(घ) लोग 'लक्ष्य' को प्राप्त क्यों नहीं कर पाते?

1. दृढ़ निश्चयी नहीं होते | 2. पड़ाव पर रूक जाते हैं
3. कष्ट सहने की शक्ति नहीं रखते | 4. दिए गए सभी

(ड.) 'फिर से दीया जलाएँ का क्या तात्पर्य हैं?

1. हार न माने | 2. जीत का जश्न मनाएँ
3. फिर से लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करें | 4. वर्तमान में जिएँ

---

**खण्ड–ख**

**प्रश्न–3:** (क) निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित हिन्दी रूप (शुद्ध रूप) लिखिए : (2)

1. विपति  2. मछरी  3. बादर  4. सीत

(ख) निम्नलिखित विशेषण शब्दों से वाक्य बनाइयेः (3)

1. ठंडी अंधेरी रात  2. खट्टी मीठी गोलियाँ  3. ताजा स्वादिष्ट भोजन

(ग) दिए गए शब्दों में उचित शब्द को चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति करियेः (2)

छप से, टप से, थर्र से, फुर्र से

1. मेढक पानी में ................ कूद गया।
2. शोर होते ही चिड़िया ............ उड़ गई।

3. नल बंद होने के बाद पानी की एक बूँद ............ चू गई।

4. मैं ठंड में ............ काँप गया।

(घ) निम्नलिखित शब्दों से दो–दो शब्द बनाइयेः 2

जैसे– रूप से कुरूप, सुरूप, स्वरूप, बहुरूप आदि

1. गंध 2. फल

(ड.) निम्नलिखित शब्दों में संधि विच्छेद करियेः 2

1. सिहांसन 2. नीलाभ

(च) निम्नलिखित शब्दों का बहुवचन रूप लिखिएः 3

1. गोली 2. नीति 3. सलामी

(छ) निम्नलिखित उदाहरणों से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करियेः 2

1. प्रमाणित 2. मुखरित 3. चर्चित 4. शिक्षित

---

## खण्ड–ग

**प्रश्न–4:** अपने प्राचार्य को अपनी अस्वस्थता का कारण बताते हुए 3 दिन के अवकाश हैंतु पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न–5:** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के अनुसार निबंध लिखिएः 5

(क) हमारा प्रिय त्यौहार– 1. प्रस्तावना 2. मनाने का कारण एवं तरीका 3. बरती जाने वाली सावधानियाँ 4. संदेश 5. उपसंहार

(ख) खेल–कूद का जीवन में महत्व–

1. परिचय 2. खेल के प्रकार 3. खेल के नियम और साधन

4. खेल का महत्व   5. उपसंहार

(ग) प्रदूषण–

1. प्रदूषण का अर्थ और परिचय  2. प्रदूषण के प्रकार  3. प्रदूषण दूर करने के उपाय  4. प्रदूषण से होने वाली बीमारियाँ  5. उपसंहार

---

## खण्ड–घ

**प्रश्न–6:** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर लिखिए।

1×5=5

तरूवर फल नहिं खात हैं, सरवर पियत न पान।
कहि रहीम परकाज हित, संपति संचहिं सुजान।।
थोथे बादर क्वार के, ज्यों रहीम घहरात।
धनी पुरूष, निर्धन भए, करें पाछिली बात।।
धरती की सी रीत हैं, सीत, घाम औ मेह।
जैसी परे सो सहि रहैं, त्यों रहीम यह देह।।

(क) तरूवर क्या नहीं खाता हैं?

1. फल  2. पत्ते  3. पानी  4. तीनों

(ख) सज्ज्न संपत्ति क्यों इकट्ठी करते हैं?

1. अपने लिए  2. दूसरों के हित के लिए
3. अपने परिवार के लिए  4. मित्र के लिए

(ग) रहीम ने निर्धन लोगों की तुलना किससे की हैं?

1. क्वार के थोथे बादर से  2. वर्षा से  3. धनी पुरूषों से  4. आकाश से

(घ) रहीम के अनुसार मानव की देह किसकी तरह सहनशील होनी चाहिए?

1. आकाश की तरह 2. धरती की तरह 3. पानी की 4. इनमें से कोई नहीं

(ड.) बादल और धरती के पर्यायवाची लिखिए।

**प्रश्न–7:** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए।

1×5=5

हम बहुत गरीब थे मेरे दोनों बड़े भाई हॉकी खेलते थे। उन्हीं के चलते मुझे भी इसका शौक हुआ। पर, हॉकी स्टिक खरीदने तक की हैंसियत नहीं थी मेरी। इसलिए अपने साथियों की स्टिक उधार माँगकर काम चलाता था। वह मुझे तभी मिलती, जब वे खेल चुके होते थे। इसके लिए बहुत धीरज के साथ अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। मुझे अपनी पहली स्टिक तब मिली, जब मेरे बड़े भाई को भारतीय कैंप के लिए चुन लिया गया।

(क) धनराज का बचपन कैसा रहा?

1. गरीबी में 2. सुख में 3. खेल मे 4. पढ़ने में

(ख) धनराज को हॉकी का शौक कैसे हुआ?

1. दोनो भाइयों को देखकर 2. खुद से 3. साथियों से 4. माता–पिता से

(ग) धनराज को हॉकी स्टिक कहाँ से मिलती थी?

1. साथियों के खेलने के बाद 2. विद्यालय से

3. अपने बड़े भाई से 4. तीनों से

(घ) धनराज को अपनी खुद की हॉकी स्टिक कब मिली?

1. जब बड़े भाई का भारतीय कैंप में चयन हो गया 2. हॉकी में जीतने पर

3. जब खेलना शुरू किया 4. कभी नहीं

(ड.) धीरज और हैंसियत शब्द का अर्थ लिखें।

**प्रश्न–8:** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी पाठ्य पुस्तक के पढ़े पाठों के आधार पर लिखें।

2×4=8

(क) मीरा को सावन मन–भावन क्यों लगने लगा?

(ख) खानपान में बदलाव के क्या फायदे हैं? लेखक इस बदलाव से क्यों चिंतित हैं?

(ग) मोर–मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गये?

(घ) ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर क्यों कहा जाता हैं?

**प्रश्न–9:** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी सहायक पुस्तक महाभारत के आधार पर दीजिए।

2×3=6

(क) वनवास के दौरान पांडवों ने क्या–क्या उपलब्धियाँ प्राप्त कीं?

(ख) पांडव राजा विराट के यहाँ किस रूप और नाम से रहैं?

(ग) अर्जुन ने कर्ण का वध किस प्रकार किया?

---

——————××××××××××——————